>

Title: Need to check incidents of death of children in Kalawati Saran Children's Hospital, Delhi.

**श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर):** दिल्ली के कलावती सरन बाल अस्पताल में बीते पांच साल में लगभग दस हजार से अभी अधिक बच्चों की मौत होने का मामला सामने आया है, जिसका एक आर.टी.आई. के माध्यम से खुलासा हुआ है, यह बहुत ही गंभीर मामला है, अस्पतालों में बालकों के स्वास्थ्य के इलाज में ढिलाई न बरती जाए, यह सरकार को आवश्यक कदम उठाते हुए निर्देश जारी किए जाने चाहिए। क्योंकि वर्ष वार ऐसी घटनाओं में कमी आने के बजाय वृद्धि देखने को मिल रही है। इस पर सरकार को रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाना चाहिए।